# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05 अक्टूबर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जारी करेंगे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अट्ठारहवीं किस्त। प्रदेश के दो करोड़ पचासी लाख से अधिक किसानों के हाथों में आयेगी धनराशि।
- यूपी पुलिस सिपाही भर्ती के लिये लिखित परीक्षा का परिणाम इस माह के अन्त तक घोषित करने की तैयारी। एडीजी स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने दिये निर्देश।
- प्रतापगढ़ के सीओ जियाउल हक हत्याकांड में सीबीआई कोर्ट ने दस अभियुक्तों को दोषी करार दिया। नौ अक्टूबर को सुनाई जायेगी सजा।
- पिछड़ा वर्ग के युवाओं को ओ–लेवल और ट्रिपल सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करेगी सरकार। दस अक्टूबर से शुरू होगा ऑनलाइन आवेदन।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज महाराष्ट्र के वाशिम में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अटठारहवीं किस्त जारी करेंगे। इस कार्यक्रम में देश भर के नौ करोड चालीस लाख से अधिक किसानों को डीबीटी के माध्यम से बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम में सात सौ बत्तीस कृषि विज्ञान केंद्रों, एक लाख से अधिक प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों और देश भर के पांच लाख सामान्य सेवा केन्द्रों सहित लगभग दो करोड़ पचास लाख़ किसान वेबकास्ट के माध्यम से शामिल होंगे। निधि जारी होने के दिन को पीएम–किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरूआत चौबीस फरवरी दो हजार उन्नीस को हुई थी। इस योजना में तीन बराबर किस्तों में भूमिधारक किसानों को सालाना छह हजार रुपये मिलते हैं।

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत राज्य के दो करोड़ पच्चीस लाख से अधिक किसानों के खातो मे चार हजार नौ सौ पच्चासी करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि अंतरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि अब तक सत्रह किस्तों के माध्यम से किसानों को कुल चौहत्तर हजार चार सौ बानबे करोड़ इक्हत्तर लाख रूपये का भुगतान किया जा चुका है।

**********

प्रदेश में वर्ष दो हजार चौबीस–पचीस के खरीफ सत्र में डिजिटल क्रॉप सर्वे का अस्सी प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। इस सर्वे में जौनपुर जिले ने पहला स्थान हासिल किया है जबकि दूसरे स्थान पर गाजियाबाद है। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत सैंतालीस हजार से अधिक गांवों में सर्वे का काम पूरा हो चुका है।

**********

गन्ना और चीनी आयुक्त प्रभु एन सिंह ने बताया है कि गन्ना पेराई सत्र दो हजार चौबीस–पचीस के लिए समीति की सदस्यता लेने की अंतिम तिथि पन्द्रह अक्टूबर तक बढ़ा दी गयी है। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने पहली बार गन्ने की खेती की है और जो किसान अभी तक सदस्य नही बन पाये हैं। वे समीति का सदस्य बनकर लाभ उठा सकते हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी पुलिस में सिपाही के साठ हजार दो सौ चौवालीस पदो पर भर्ती के लिए हुई लिखित परीक्षा का परिणाम इस माह के अंत तक घोषित करने की तैयारी के निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस कर्मियों को भी ई पेंशन प्रणाली का लाभ देने के लिए निर्देशित किया है। कल शाम  एडीजी स्तर के पुलिस अधिकारियों के साथ विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने पुलिस की अलग–अलग इकाइयों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मृतक आश्रित कोटे में भर्ती के नियमो में व्यवहारिक्ता का ध्यान रखा जाए और जरूरी हो तो नियमो में बदलाव लाने पर भी विचार किया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी एडीजी को निर्देशित किया कि किसी भी कार्यालय में कोई फाइल तीन दिन से अधिक लंबित न रहे, इसके लिए वे खुद निगरानी करें। उन्होंने रेलवे ट्रैक पर हाल के दिनों में सामने आई अवरोध की घटनाओं को चिन्ताजनक बताते हुए पुलिस इंटेलिजेंस को और बेहतर करने के निर्देश दिये।

**********

अमरोहा के मन की बात रेडियो संग्रहालय को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस संग्रहालय का ज़िक्र अपने मन की बात कार्यक्रम में किया था। अमरोहा के गजरौला में मौजूद इस संग्रहालय को राम सिंह बौद्ध ने बनाया है। उन्होंने बताया कि इस संग्रहालय की प्रेरणा प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से मिली है।

***मेरे इस रेडियो संग्रह का मन की बात रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सातवीं कड़ी में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा उल्लेख किया गया तब से मुझे काफी प्रसिद्धि मिली है और उसी के बाद से ही मैंने गिनीज बुक को ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड को अपना आवेदन किया और अब मुझे जो है। बारह सौ सत्तावन रेडियो का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया है जो की मुझे बहुत बड़ी खुशी है भारत वर्ष में कोई रेडियो संग्रहालय नहीं था और इसे जो है रेडियो संग्रहालय की गज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त हुई है जो की मेरे लिए और देश के लिए बहुत उपलब्धि है।***

**********

प्रतापगढ़ के कुण्डा में पुलिस क्षेत्राधिकारी, सीओ जियाउल हक के चर्चित हत्याकाण्ड में सीबीआई की विशेष अदालत ने दस अभियुक्तों को दोषी करार दिया है। इन्हें नौ अक्टूबर को सजा सुनाई जाएगी। इसके पहले जमानत पर चल रहे सभी अभियुक्त कोर्ट में हाजिर हुए जहां सीबीआई के विशेष न्यायाधीश धीरेन्द्र कुमार ने उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेजने के आदेश दिये। एक अभियुक्त को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया।

सीओ जियाउल हक देवरिया जिले के खुखुन्दू थाना क्षेत्र के जुआफर गांव के रहने वाले थे। प्रतापगढ के कुण्डा में तैनाती के दौरान दो मार्च दो हजार तेरह को उग्र भीड और पुलिस के बीच हुई झड़प में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में सीबीआई ने विवेचना की थी और अब विशेष अदालत ने अभियुक्त फूलचन्द्र, पवन यादव, मंजीत, घनश्याम सरोज, रामलखन गौतम, छोटेलाल यादव, राम आसरे, मुन्ना पटेल, शिवराम पासी और जगत बहादुर पटेल को दोषी ठहराया है। इस केस में कुण्डा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया और उनके करीबी रहे गुलशन यादव भी आरोपी थे लेकिन सीबीआई की जांच मे दोनो को पहले ही क्लीन चिट मिल गयी थी।

**********

अमेठी जिले के शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में तीन अक्टूबर को एक शिक्षक सहित उनके परिवार के चार लोगों की गोली मारकर हत्या किये जाने के मामले का कल पुलिस ने खुलासा कर दिया। अमेठी के पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह ने बताया कि हत्याकाण्ड के अभियुक्त को गौतमबुद्धनगर जिले में एसटीएफ ने एक मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है।

**********

नोएडा में पचीस सितंबर से पांच दिन चले इंटरनेशनल ट्रेड शो में यूपी पुलिस के स्टॉल को प्रथम पुरस्कार मिला है। एडीजी नीरा रावत ने इस पुरस्कार के रूप मे मिली ट्रॉफी डीजीपी प्रशांत कुमार को भेंट की।

**********

केंद्रीय राज्यमंत्री निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया ने कल कानपुर में राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के नवासीवें स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उन्होंने चीनी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे किसानों को सम्मानित किया साथ ही अत्याधुनिक उपकरण युक्त टिश्यू कलचर लैब का शिलान्यास किया । इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि चीनी के क्षेत्र में हमारे देश ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर तरक्की के नए आयाम हासिल कर रहा है।

***सरकार के प्रयासों से एथेनॉल उत्पादन को गति मिली है और हम एथेनॉल ब्रांडेड पेट्रोल प्रोग्राम को सही तरीके से आगे बढ़ा रहा आज हमारा देश नरेंद्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में निरंतर तरक्की के नए आयाम हासिल कर रहा है।***

**********

प्रदेश सरकार पिछड़ा वर्ग के युवाओं को डिजिटल युग में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए ओ लेवल और ट्रिपल सी कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करेगी। पिछड़ा वर्ग के इंटरमीडिएट पास और एक लाख रूपये तक की वार्षिक पारिवारिक आय वाले युवा इसके लिए पात्र होगें। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की निदेशक डाक्टर वंदना वर्मा ने बताया कि आवेदक दस अक्टूबर से तीस अक्टूबर तक विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑन लाइन अवेदन कर सकते हैं।

**********

मेडिकल पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए यूपी नीट यूजी काउन्सलिंग के पहले और दूसरे चरण में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थी नौ अक्टूबर को दोपहर बाद दो बजे तक अपनी सीट छोड़ सकते हैं। सीट छोड़ने के लिए उन्हें व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर वहीं प्रार्थना पत्र देना होगा जहां उन्होंने प्रवेश लिया है।

**********

शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन आज मां आदिशक्ति के तीसरे स्वरूप माता चन्द्रघंटा की आराधना की जा रही है। मिर्जापुर के विन्ध्यवासिनी धाम, बलरामपुर के देवीपाटन शक्तिपीठ सहित प्रदेश के सभी दुर्गा मंदिरों में भोर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी हुयी है।

**********